अमर उजाला
झज्जर बहादुरगढ़ My City
Date: 13-07-2015
Page No. 4

30 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमैंट, कबलाना में दूसरे दिन भी रोजगार मेले में विद्यार्थियों की भीड़ रही। रविवार को लगे इस मेले में देश की विख्यात कम्पनियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस मेले में प्रदेश से बाहर के कॉलेजों के छात्र भी शामिल हुए। इस दौरान वेब डेवल्पर्स, टेक्निकल एसोसिएट, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा ऐनालिस्ट आदि पदों के लिए साक्षात्कार हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुशील गुप्ता एवं निदेशक प्रोफेसर डॉ. अमन अग्रवाल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।